हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 19 मार्च 2026

11 सफाई कर्मचारियों ने शहर में शव यात्रा...



12 सिंचाई तो दूर पीने के लिए भी नहीं पानी : चंद्रप्रकाश



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने अवैध हथियार सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान पटेल नगर निवासी संजय व सोनू के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एसआई विनोद ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर पटेल नगर में अवैध हथियार के साथ घूम रहे युवक को काबू किया। सूचना के अनुसार वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस टीम ने तुरंत दबिश देकर संजय काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध असला बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने असला किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के उद्देश्य से रखने की बात स्वीकार की। पूछताछ में उसने ने बताया कि उसने उक्त अवैध असला पटेल नगर के ही सोनू से खरीदा है। पुलिस ने आरोपी संजय को अदालत में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर दूसरे आरोपी सोनू को मेला ग्राउंड क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नशा तस्करी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस के एएनसी स्टाफ ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला बकरियां चराने के बहाने नशा सप्लाई करती थी। पुलिस ने उसे नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएनसी स्टाफ प्रभारी इन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ अभियान के तहत गश्त पर थे। इसी दौरान उन्होंने एक सूचना के आधार पर बकरियां चरा रही महिला को अंबेडकर बस्ती से गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम हिसार की अंबेडकर बस्ती निवासी सुनीता उर्फ गीत बताया। पुलिस टीम ने महिला के कब्जे से 05 ग्राम 520 मिलीग्राम हेरोइन तथा 3240 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार उक्त महिला के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं।

### खुले में कचरा डालने पर 3 के चालान काटे

**हिसार।** शहर को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने और स्वच्छता नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान किए। एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार व एएसआई रोहित ने खुले में कचरा डालने पर नई सब्जी मण्डी व टिब्बा दानाशेर पर तीन दुकानदारों के 5-5 हजार रूपये के चालान किए। एएसआई प्रवीण ने कृष्ण नगर में दो घरों के द्वारा कचरा सेग्रीगेशन न करके नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों में डालने पर उनके 200-200 रुपये के चालान किए।

## धांधली के आरोप

### जमीन पर कम कागजों में अधिक दौड़ रहा विकास

# राखी शाहपुर में न नलकूप; न सार्वजनिक शौचालय, फिर भी निर्माण व मरम्मत पर खर्च हो गए लाखों रुपये, ग्रामीणों में रोष

- अफसरों से शिकायत, कार्रवाई न होने पर दी घेराव की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों से बातचीत करते राखी शाहपुर के ग्रामीण।

गांव राखी शाहपुर में विकास कार्य अब जमीन पर कम और कागजों में ज्यादा दौड़ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि जहां नलकूप लगे ही नहीं, वहां उनकी मरम्मत के बिल पास हो चुके हैं। इस 'अदृश्य विकास' से नाराज ग्रामीण बुधवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कार्यालय पहुंच गए और जमकर प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर राखी शाहपुर में फिलहाल दो गांव नजर आ रहे हैं, एक वो जो कागजों में चमक रहा है, और दूसरा वो जहां ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीण राजकुमार राखी, पंच धर्मेंद्र श्योराण, अशोक, शमशेर, कृष्ण, सत्यनारायण, अनिल, सतबीर, प्रकाश शर्मा, जोरा सिंह, सतबीर, नरेश पंच, अशोक जांगड़ा पंच, बबलू पंच, सुरेश, रामदिया, रमेश शर्मा व सुनील का कहना है कि 10 दिन पहले दिए गए अल्टीमेटम के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इससे ग्रामीणों में रोष और बढ़ गया है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द मामले की जांच नहीं हुई तो वे दफ्तर के अंदर ही धरना शुरू कर देंगे।

### कागजों में ट्री गार्ड, जमीन पर 'खुला जंगल'

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड खरीदने का रिकॉर्ड तो पूरा है, लेकिन हकीकत में एक भी ट्री गार्ड नजर नहीं आता। यानी पेड़ खुद ही अपनी सुरक्षा कर रहे हैं और कागजों में उनका 'बॉडीगार्ड' तैनात है।

### शौचालय भी 'कल्पना लोक' में

ग्रामीणों ने सामूहिक शौचालय निर्माण और मरम्मत के नाम पर 18.31 लाख रुपये खर्च दिखाने पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि गांव में ऐसा कोई शौचालय ढूंढने पर भी नहीं मिलता। यानी सुविधा कागजों में बनी और गांव वाले आज भी पुराने तरीके पर निर्भर हैं।

### 100-100 गज के प्लाट आवंटन में भी गड़बड़ी के आरोप

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 100-100 गज के प्लाट आवंटन में भी गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत प्रस्ताव में 14 में से 13 पंचों के फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं और लाभार्थियों से 60-60 हजार रुपए तक वसूले जा रहे हैं। साथ ही कई पात्र लोगों को योजना से बाहर रखा गया है, जबकि एक ही परिवार के कई सदस्यों को लाभ देने की कोशिश की गई। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गांव में आने वाले विकास फंड का बड़ा हिस्सा गबन किया जा रहा है।

### बिना नलकूप मरम्मत किस चीज की हुई?

सबसे दिलचस्प मामला नलकूपों का है। जिन जगहों पर नलकूप होने चाहिए, वहां खाली जमीन है, लेकिन रिकॉर्ड में उनकी मरम्मत का खर्च दिखाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब नलकूप ही नहीं लगे, तो रिपेयरिंग किस चीज की हुई?

### जांच भी की जाएगी और कार्रवाई भी

बीडीपीओ सत्यवान बूरा ने एक बार फिर जांच का भरोसा दिया है। उनका कहना है कि अगर आरोप सही पाए गए तो सरपंच के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पश्चिमी विक्षोभ के चलते आज भी मौसम परिवर्तनशील रहेगा, हल्की-मध्यम बारिश के आसार

# तेज हवाओं के साथ हुई बरसात से गेहूं की फसल बिछी, 7° तक गिरा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। महलसरा-लांधड़ी सड़क मार्ग पर तेज हवाओं के साथ आई बारिश में बिछी गेहूं की फसल।

पश्चिमी विक्षोभ के चलते हिसार व आसपास के क्षेत्र में बुधवार को मौसम में बदलाव आया। दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ हिसार व हांसी जिलों में हल्की बारिश शुरू हुई, जोकि शाम को भी जारी थी। मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान में गिरावट आई और ठंडक बढ़ गई। हिसार शहर में करीब 2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। उधर, मौसम में आए परिवर्तन ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है। हल्की बारिश के कारण सरसों की कटाई प्रभावित हुई है। तेज हवाओं के साथ आई बारिश के कारण कुछ स्थानों पर गेहूं की फसल बिछ गई। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले तीन दिन मौसम परिवर्तनशील बने रहने की संभावना है। तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश के भी आसार बने रहेंगे।

जानकारी के अनुसार मार्च के पहले पखवाड़े में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे और दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। बढ़ते तापमान का असर रबी सीजन की फसलों पर भी पड़ने के आसार बन गए थे। मार्च के दूसरे पखवाड़े में पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने करवट ली है। । हिसार का अधिकतम तापमान पिछले सप्ताह के मुकाबले करीब 7 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है। बुधवार को मौसम में आए बदलाव के चलते दोपहर बाद हुई हल्की बारिश से मौसम में ठंडक पैदा हो गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 30.8 व न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर गेहूं व सरसों की फसलों को नुकसान का अंदेशा भी जताया गया है। कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में 226.38 लाख हेक्टयेटर में गेहूं की बिजाई की गई और गेहूं अब पकाई पर है। संभावित मौसम को देखते गेहूं की फसल पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

### पूरे हरियाणा व एनसीआर पर 2-3 दिन रहेगा असर

मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के चलते बुधवार को हरियाणा के अधिकतर हिस्सों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। इस पश्चिमी मौसम प्रणाली का असर आने वाले दो-तीन दिनों को सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर ज्यादा रहेगा। इसके अलावा 21 मार्च को केवल उत्तरी जिलों पर असर ज्यादा रहेगा। इससे सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली हल्की से मध्यम बारिश और 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने आंधी अंधड़ और एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि की गतिविधियों की संभावना बन रही है।

### हिसार में फसल का ब्योरा

| फसल | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|
| गेहूं | 225.618 | 226.38 |
| चना | 11.828 | 12.29 |
| बाजरा | 2.498 | 3.73 |
| सरसों/तिलहन | 81.042 | 82.23 |
| चारा | 14.840 | 14.28 |

*अनुमानित एरिया लाख हेक्टेयर में*

# हिसार के 3609 में से 2323 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

### कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ बार काउंसिल का चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव के लिए हिसार और हांसी में बुधवार को मतदान हुआ। जिले में कुल 7 बूथ बनाए गए थे, जिनमें हिसार के 5 और हांसी के 2 बूथ रहे। इन बूथों पर कुल 4017 पंजीकृत वकील हैं। हिसार में कुल 3609 में से 2323 वकीलों ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार लगभग 64.38 प्रतिशत मतदान हुआ।

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। संवेदनशीलता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। कोर्ट परिसरों और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया है, वहीं प्रवेश से पहले पहचान पत्र की जांच भी अनिवार्य की गई है। कोर्ट परिसर में सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम भी बूथ पर बैठे दिखाई दिए। विधायक के बेटे रजत गौतम बार काउंसिल के चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। विधायक ने कहा कि चुनाव में बेटा उनकी मदद करता है, आज बेटा खड़ा है तो वे उसकी मदद कर रहे हैं। विधायक गौतम ने दावा किया कि चुनाव में उनके बेटे की जीत होगी।

मतदान प्रक्रिया सुबह से लेकर शाम तक जारी रही। हिसार बार में सबसे अधिक 3609 वकील वोट हैं जिसमें से आधे से ज्यादा वकीलों ने शाम चार बजे तक मतदान कर दिया था। हांसी बार में 408 वकीलों में से अधिकांश ने वोटिंग की। मतदान केंद्रों पर केवल वैध पहचान पत्र दिखाने के बाद ही प्रवेश दिया गया। एक वकील बिना आईडी के पहुंचा तो उसे वोट नहीं डालने दिया गया। वोटिंग के लिए एक एंट्री गेट बनाया गया। हिसार बार प्रधान संदीप बूरा भी पहचान के लिए गेट पर तैनात रहे।

# साहू में किसान के 3 हत्यारोपी दोषी करार, सजा 24 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अदालत ने साहू गांव में गोली मारकर किसान इंद्रपाल की हत्या मामले में तीन आरोपितों को दोषी करार दिया है। दोषियों फरमान, उसमान और इनाम को 24 मार्च को सजा सुनाई जाएगी।

अदालत में चले मामले के अनुसार इस संबंध में उकलाना थाना पुलिस ने 28 दिसंबर 2017 को तीन-चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस को दी गई शिकायत में साहू गांव निवासी हेतराम ने बताया था कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। छोटा भाई 32 साल का इंद्रपाल भी खेतीबाड़ी का काम करता था है और मेरे साथ रहता है। घर के सामने प्लाट में भैंस बांधते है। घटना के दिन 27 दिसंबर 2017 की रात को दोनों भाई घर के अंदर सोए हुए थे। रात करीब ढाई बजे शोर सुनाई दिया। दोनों भाई घर से बाहर आए तो देखा कि पड़ोसी दलीप चोर-चोर चिल्ला रहा था। भाई दौड़ कर पशु बाड़े में गया तो एक भैंस गायब थी। भाई दलीप के घर की तरफ जाने लगा उस समय वहां पर एक सफेद रंग की पिकअप खड़ी थी। उसमें तीन से चार व्यक्ति भैंस को चढ़ा रहे थे। भाई उनकी तरफ जाने लगा तो दलीप ने कहा कि भैंस चोर गोली मार देंगे। भैंस को पिकअप में चढ़ाते देख भाई उनके पीछे दौड़ा तो एक ने सीधे भाई को गोली मार दी और मौके से भाग गए। घायल हालत में भाई को शहर के एक निजी अस्पताल में लेकर आए, जहां पर उनकी मौत हो गई। इसी मामले में अदालत ने तीनों आरोपितों फरमान, उसमान और इनाम को दोषी करार दिया है।

# टाउन पार्क के रखरखाव पर खर्च होंगे 32 लाख

- एक साल के लिए एजेंसी को दिया 32 लाख 31 हजार 934 रुपये का ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

करोड़ों की लागत से टाउन पार्क में हुए नवीनीकरण कार्य के बाद के पार्क में नियमित साफ-सफाई व रख-रखाव के लिए एक एजेंसी को 32 लाख 31 हजार 934 रुपये का ठेका दिया गया है। यह ठेका एक साल के लिए दिया गया है। एजेंसी पार्क में नियमित साफ-सफाई, हरियाली का रखरखाव और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बनाए रखने के लिए का कार्य करेगी। निगम अधिकारियों का मानना है कि पार्क के रखरखाव को भी उतनी ही प्राथमिकता दी जा रही है जितनी इसके निर्माण को दी गई थी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार नवीनीकरण कार्य के बाद पार्क का उद्घाटन जनवरी माह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया था। इस परियोजना पर लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत आई है। पार्क को आधुनिक सुविधाओं और विशेष थीम के साथ विकसित किया गया है, जिससे यह शहर के प्रमुख आकर्षणों में शामिल हो गया है। नगर निगम का उद्देश्य है कि शहर के लोगों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक वातावरण लगातार मिलता रहे। इस नवीनीकृत टाउन पार्क से न केवल पर्यावरण को लाभ मिलेगा, बल्कि यह शहरवासियों के लिए मनोरंजन और विश्राम का एक बेहतर स्थान भी साबित होगा।



### पंचतत्व थीम पर डिजाइन

नवीनीकरण के तहत टाउन पार्क को पंचतत्व थीम पर डिजाइन किया गया है, जो प्रकृति के पांच तत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश को दर्शाता है। पार्क में बनाई गई झील लोगों के लिए शांति और सुकून का अनुभव प्रदान करती है, जबकि टफन ग्लास से बना पुल पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा, ओपन थिएटर भी तैयार किया गया है, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक आयोजनों का आयोजन किया जा सकता है।

### टेंडर प्रक्रिया से चुनी एजेंसी

नगर निगम के कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी ने बताया कि टाउन पार्क की एक वर्ष की मेंटेनेंस पर लगभग 36 लाख 48 हजार 583 रुपये की अनुमानित लागत आएगी। इस कार्य को सुचारू रूप से करने के लिए टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से एक एजेंसी का चयन किया गया है, जिसे करीब 32 लाख 31 हजार 934 रुपये में यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि पार्क में नियमित साफ-सफाई, हरियाली का रखरखाव और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

## हकृवि ने विकसित की सरसों की पहली हाइब्रिड किस्म आरएचएच-2101

# पंजाब, दिल्ली, जम्मू व उत्तरी राजस्थान में भी लहलाएगी म्हारी सरसों

### सिंचित क्षेत्रों में पैदावार बढ़ाएगी नई किस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सरसों की पहली हाइब्रिड किस्म आरएचएच-2101 विकसित कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह हाइब्रिड किस्म सिंचित क्षेत्रों में समय पर बुवाई के लिए उपयोगी सिद्ध होगी और देश में तेल के आयात को कम करने में अहम भूमिका निभाएगी। हकृवि के सरसों वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इस हाइब्रिड किस्म को हाल ही में गजट अधिसूचित किया गया है।

यह हाइब्रिड किस्म हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, जम्मू और उत्तरी राजस्थान के सिंचित क्षेत्रों में सरसों की पैदावार को बढ़ाने में एक वरदान सिद्ध होगी। इस किस्म को अखिल भारतीय समन्वित सरसों एवं राई अनुसंधान प्रोजेक्ट के तहत तीन साल गहन परीक्षण के बाद जारी किया गया है। यह किस्म 28 से 30 किवंटल प्रति हेक्टेयर तक औसत पैदावार देती है। पुरानी किस्म आरएच 749 की तुलना में 14.5 प्रतिशत, डीएमएच-1 से 11 प्रतिशत व प्राइवेट कंपनी हाइब्रिड 45546 की तुलना में आठ प्रतिशत अधिक पैदावार देने में सक्षम है। अधिक उपज क्षमता और उच्च तेल मात्रा के कारण यह हाइब्रिड किस्म किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय होगी इससे न केवल तिलहन उत्पादन और बाजार में वृद्धि होगी बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में विकसित की गई इस उन्नत किस्म के लिए वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

कुलपति ने वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए बताया कि इस सरसों टीम को पिछले 12 सालों में चार बार उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ केन्द्र अवार्ड से नवाजा जा चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक भविष्य में भी नई और उन्नत किस्में विकसित कर देश के तिलहन उत्पादन और कृषि विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

### पैदावार के साथ तेल की मात्रा भी अधिक

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने आरएचएच-2101 की विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि यह किस्म 142 दिन में पक कर तैयार हो जाती है और 28 से 30 किवंटल प्रति हेक्टेयर तक औसत उपज देती है। इस किस्म में शाखाओं की संख्या अधिक होती है तथा प्रति फलियों में दानों की संख्या भी ज्यादा होती है। जिसके कारण इसकी उपज क्षमता अन्य उन्नत किस्मों की तुलना में अधिक है। इसके दाने मध्यम आकार के होते हैं। और इनमें लगभग 40 प्रतिशत तेल अंश पाया जाता है।

### अनुभाग देश के अग्रणी अनुसंधान केंद्रों में

विश्वविद्यालय के सरसों वैज्ञानिक अब तक सरसों और राई की 25 उन्नत किस्में तथा एक हाइब्रिड किस्म विकसित कर किसानों तक पहुंचा चुके हैं जिनमें से अधिकांश किस्म की खेती अन्य राज्यों के किसानों द्वारा भी की जा रही है। हाइब्रिड किस्म के प्रजनक डॉ. राम अवतार ने बताया कि इस सरसों टीम ने गत 6 सालों में इस किस्म के अलावा अलग-अलग परिस्थितियों के लिए पांच किस्में विकसित की है जिनमें से आरएच 725 आरएच 1424 व आरएच 1975 किसानों के बीच बहुत ही लोकप्रिय किस्में है तथा उनके बीज की अन्य राज्यों में बहुत ज्यादा मांग है।

### इन वैज्ञानिकों का रहा योगदान

सरसों की इस नई किस्म को विकसित करने में सरसों वैज्ञानिक डॉ. राम अवतार, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. मंजीत सिंह, डॉ. अशोक कुमार और डॉ. सुभाष चंद्र का अहम योगदान रहा। इस अनुसंधान कार्य में डॉ. राकेश पूनिया, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. निशा कुमारी, डॉ. विनोद गोयल, डॉ. श्वेता, डॉ. महावीर बिश्नोई और डॉ. राजवीर सिंह का भी सहयोग रहा।

# महिला की हत्या में आरोपी सेना के अर्दली को न्यायिक हिरासत में भेजा

- पुलिस प्रशासन से सहमति अनुसार कर दिया गया मृतका का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सदर क्षेत्र की एक कॉलोनी में घर में काम करने वाली महिला की हत्या के मामले में गिरफ्तार सेना के अर्दली को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। उसे दो दिन के रिमांड के बाद पुलिस ने अदालत में पेश किया था। उधर, मृतका का बुधवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतका का विसरा जांच के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के असली कारणों व परिजनों के आरोपों के अनुसार पुष्टि हो पाएगी कि रेप हुआ है या नहीं। सदर पुलिस ने महिला की हत्या करके शव दबाने के मामले में गिरफ्तार किए गए सेना के अर्दली अर्दली बालेश्वर कुजूर को दो दिन के रिमांड के बाद अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत को दो दिन के रिमांड के दौरान की गई पूछताछ का ब्यौरा दिया। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उधर, अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम व पुलिस प्रशासन से सहमति के बाद परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मंगलवार को दिनभर परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी, उसके पति को सरकारी नौकरी व आर्थिक सहायता की मांग पर अड़े रहे। पहले उन्होंने पोस्टमार्टम से मना किया और बाद में अंतिम संस्कार से मना कर दिया। मंगलवार देर सायं मौके पर पहुंचे एएसपी मयंक मुदगिल से बातचीत व एएसपी के उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए।



# विक्रम संवत 2083 प्रारंभ : जानें क्या है खास
# गुरु-मंगल की जोड़ी किसका करेगी बेड़ा पार

गुरुवार से 2026 से हिंदू नववर्ष यानी विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ होने जा रहा है। यह पावन दिन हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है और इसी के साथ भारतीय नवसंवत्सर की शुरुआत मानी जाती है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति और मंत्री मंगल होंगे, जबकि इस संवत का नाम 'रौद्र संवत्सर' रखा गया है। हिंदू नववर्ष सनातन परंपरा का बेहद महत्वपूर्ण पर्व है। मान्यता है कि इसी दिन सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए यह दिन नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। इसी दिन से विक्रम संवत की शुरुआत होती है, जिसे सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित किया गया था और यह ग्रेगोरियन कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है।

### आज शुरू होगा हिंदू नववर्ष

***देश में इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी और उत्तर भारत में नवसंवत्सर।***

### यह रहेगा प्रभाव

ज्योतिष के अनुसार जब बृहस्पति राजा होते हैं तो धर्म, शिक्षा और ज्ञान में वृद्धि होती है, वहीं मंगल मंत्री होने से साहस, ऊर्जा और प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आती है। इस साल एक खास संयोग भी बन रहा है। मीन राशि में सूर्य, चंद्रमा, शुक्र और शनि का चतुर्ग्रही योग, जो इसे और प्रभावशाली बना रहा है।

### सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व



सनातन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र माना गया है। मान्यता है कि इसी तिथि से सृष्टि की रचना का आरंभ हुआ था, इसलिए इसे नए कार्यों, संकल्पों और शुभ शुरुआत के लिए श्रेष्ठ समय माना जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग नामों से मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, दक्षिण भारत में उगादी, जबकि उत्तर भारत में इसे नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग घरों की साफ-सफाई, पूजा-पाठ और नए कार्यों की शुरुआत करते हैं।

-पंडित कृष्ण दत्त गौड़, ज्योतिषाचार्य



**मेष**

इस राशि के जातकों का सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं और लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां या पदोन्नति मिल सकती हैं। व्यापारियों को भी नए प्रोजेक्ट या साझेदारी से लाभ मिलने की संभावना है। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।



**कर्क**

कर्क राशि के जातकों के लिए यह नववर्ष परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में शुभ संकेत दे सकता है। जमीन या वाहन खरीदने के योग बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है। हालांकि भावनात्मक फैसलों से बचना और धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। हालांकि जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों से बचना ही बेहतर रहेगा।



**तुला**

तुला राशि के जातकों के लिए साझेदारी और व्यापार के मामलों में यह वर्ष अनुकूल रह सकता है। व्यापार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ सकती है। नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे भविष्य में लाभ होगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी।



**मकर**

मकर राशि वालों के लिए यह वर्ष घर-परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण हो सकता है। परिवार में शुभ कार्य होने के योग बन सकते हैं। करियर में स्थिरता आएगी और मेहनत का अच्छा फल मिल सकता है। हालांकि काम का दबाव भी बढ़ सकता है। इससे शुरूआत में कुछ परेशानी हो सकती है।



**वृषभ**

वृषभ राशि के लोगों के लिए यह नववर्ष आर्थिक दृष्टि से अनुकूल सिद्ध हो सकता है। आय के नए स्रोत बनने की संभावना है और निवेश से लाभ मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रह सकती है। हालांकि खर्चों में भी वृद्धि हो सकती है, इसलिए बजट का संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।



**सिंह**

इस राशि के लोगों के लिए भाग्य का साथ मिल सकता है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही परेशानियों में कमी आ सकती है। व्यापारियों को भी लाभ मिलने के योग बन सकते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा और मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है।



**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में बदलाव के योग बन सकते हैं। नई नौकरी या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। मेहनत और लगन से किए गए कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। हालांकि विरोधियों से थोड़ा सावधान रहने की जरूरत होगी।



**कुंभ**

कुंभ राशि के जातकों के लिए यह वर्ष करियर और कारोबार के लिहाज से शुभ सिद्ध हो सकता है। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में फायदेमंद साबित हो सकती है। नौकरी और व्यापार दोनों में प्रगति के योग बन सकते हैं। हालांकि सावधानी से कदम बढ़ाने होंगे।



**मिथुन**

मिथुन राशि वालों के लिए यह वर्ष करियर और शिक्षा के लिहाज से अच्छा साबित होगा। नौकरी में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में भी सफलता मिलने के संकेत हैं।



**कन्या**

कन्या राशि वालों के लिए यह वर्ष मिश्रित परिणाम देने वाला रह सकता है। कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा करनी पड़ सकती है, लेकिन उसका फल भी मिलेगा। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होगी। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना बेहतर रहेगा।



**धनु**

धनु राशि के जातकों के लिए यह वर्ष शिक्षा, ज्ञान और करियर के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम दे सकता है। विद्यार्थियों के लिए यह समय अच्छा रह सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति भी धीरे-धीरे मजबूत हो सकती है।



**मीन**

मीन राशि के लोगों के लिए यह वर्ष आर्थिक रूप से मजबूत साबित हो सकता है। आय में वृद्धि के संकेत मिल सकते हैं। करियर में नई जिम्मेदारियां और अवसर मिल सकते हैं। नौकरी उन्नति के योग हैं। परिवार में सुखद वातावरण बना रह सकता है।

# सेहत



## डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब सिर के एक साइड हो बहुत तेज दर्द



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। पिछले दो-तीन हफ्तों से मेरे सिर में दाहिनी तरफ हल्का-हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-कुलभूषण, धमतरी**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको माइग्रेन हो रहा है। आपको इस बात पर गौर करना चाहिए कि सिर दर्द किन वजहों से होता है? कई लोगों को धूप में आने से तो कुछ लोगों को भूख लगने से तो कुछ को तनाव की वजह से सिर दर्द होता है। समस्या की पहचान कर उससे बचने का प्रयास करना चाहिए। अगर अधिक दिक्कत होती है तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर माइग्रेन दर्द की दवा लिखवा लेनी चाहिए। लेकिन दर्द की दवा का इस्तेमाल ज्यादा ना करें।

**मेरी उम्र 19 वर्ष है। मुझे दिन भर कुछ-न-कुछ खाने की इच्छा होती रहती है। मेरा वजन भी बढ़ रहा है। कृपया बताएं कि मैं अपनी भूख पर कैसे कंट्रोल करूं?**

**-राजवीर, इमेल से**

हालांकि भूख ज्यादा लगने के कारण कभी-कभी शुगर का लेवल बढ़ने लगता है, लेकिन जैसा आप बता रहे हैं कि आपका वजन भी बढ़ रहा है तो थायराइड संबंधी समस्या भी इसकी वजह हो सकती है। बेहतर होगा कि एक बार आप जनरल फिजिशियन से संपर्क कर लें। वे आपके ब्लड की कुछ जांच कराएंगे, जिससे आपकी समस्या की वजह पता चलेगी और ट्रीटमेंट किया जा सकेगा। फिलहाल आप बाहर का खाना और अधिक तेल-मसाले वाला खाना बिल्कुल बंद कर दें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-योगेंद्र, बिलासपुर**

यह गांठ किस तरह की है, यह बिना जांच किए कहना मुश्किल है। इसलिए आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे इसकी प्रॉपर जांच करेंगे और अगर ऑपरेट करने की जरूरत होगी तो उसे ऑपरेट कर देंगे। लेकिन बगैर जांच कराए आप अपने मन से इस रोग का ट्रीटमेंट ना करें। यह हार्मफुल हो सकता है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मेरे दोनों पैर दिन में कभी भी अचानक कुछ मिनटों के लिए सुन्न हो जाते हैं। इसमें कोई सेंसेशन नहीं होता। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है?**

**-संदीप, भोपाल**

इस तरह की समस्या कई बार नर्वस सिस्टम से जुड़ी होती है तो कई बार मस्तिष्क से संबंधित होती है। यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, यह आपने नहीं बताया। क्या आपको हाल-फिलहाल में सिर पर चोट तो नहीं लगी है? अगर ऐसा है तो आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच कर इसका ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 40 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में विटामिन बी12 की कमी आई है। क्या मैं मल्टीविटामिन सप्लीमेंट ले सकता हूं? कितने दिनों तक इसे लेना सही रहेगा?**

**-जतिन, दुर्ग**

विटामिन बी12 की कमी आपको जांच करने के बाद पता चली है क्या? अगर ऐसा है तो इसकी दवा ली जा सकती है, लेकिन पहले आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वही इसकी दवा लिखेंगे। वही दवा आप शुरू करें। यह इस बात पर डिपेंड करेगा कि आपका विटामिन बी12 का लेवल कितना कम है, उसके अनुसार इसकी डोज तय की जाएगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डॉक्टर्स एडवाइस



**डॉ. एस.पी. राय**
सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

एक खतरनाक बैक्टीरिया के संक्रमण से टीबी रोग किसी को भी हो सकता है। हालांकि इससे बचाव और उपचार की कारगर दवाएं मौजूद हैं, लेकिन आज भी दुनिया भर में बड़ी संख्या में लोग टीबी से ग्रस्त होकर अपनी जान गंवाते हैं। **वर्ल्ड टीबी डे (24 मार्च)** के अवसर पर आपको डिटेल में बता रहे हैं, इसके होने के कारण, प्रमुख लक्षण, जांच, बचाव और उपचार के तरीकों के बारे में।

# संभव है टीबी से बचाव-उपचार



हजारों साल से चली आ रही बीमारी है ट्यूबरकुलोसिस (टीबी), जिसे राजयक्ष्मा, क्षय रोग या तपेदिक भी कहा जाता है। टीबी आज भी दुनिया के कई देशों के लिए स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया से वर्ष 2030 तक इस बीमारी को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके प्रति अवेयरनेस बढ़ाने के लिए ही वर्ल्ड टीबी डे मनाते हैं। इस साल वर्ल्ड टीबी डे की थीम है- 'यस! वी कैन एंड टीबीः लेड बाय कंट्रीज, पॉवर्ड बाय पीपुल।' इसका आशय है-जी हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं। इस कार्य में विभिन्न देशों के राजनीतिक नेतृत्व और जनता को अपनी-अपनी तरफ से भागीदारी निभानी होगी।

**इस जीवाणु से होता है टीबीः** 24 मार्च 1882 में जर्मनी के डॉ. रॉबर्ट कॉच ने टीबी के जीवाणु-माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस का पता लगाया था। इस जीवाणु के नाम पर ही इस बीमारी का नाम ट्यूबरकुलोसिस संक्षेप में टीबी पड़ा। आमतौर पर लोगों को फेफड़े की टीबी की समस्या ज्यादा होती है। टीबी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के खांसने या छींकने या फिर बात करने के दौरान जब उस शख्स के मुंह से ड्रॉपलेट्स निकलते हैं, वे हवा के माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति को टीबी से संक्रमित कर सकते हैं। फेफड़ों की टीबी का प्रमुख कारण यही है। लगभग 80 से 85% लोग फेफड़ों की टीबी से ग्रस्त होते हैं। इस टीबी के बैक्टीरिया, फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। अगर समय रहते फेफड़ों की टीबी का समुचित उपचार कर लिया जाए तो फिर कालांतर में इस बीमारी की जटिलताओं और गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

**क्या है एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबीः** जब टीबी के जीवाणु फेफड़ों के जरिए रक्त प्रवाह के साथ शरीर के दूसरे अंगों में पहुंच जाते हैं और फिर इन अंगों को क्षीण करने लगते हैं, तो उसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहा जाता है। जैसे हड्डियों, आंतों, रीढ़ की हड्डी, लिंफ नोड्स, गला, लिवर और शरीर के महत्वपूर्ण अंग एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग मस्तिष्क की टीबी और महिलाएं गर्भाशय की टीबी से भी ग्रस्त हो सकती हैं। लगभग 15 प्रतिशत व्यक्ति एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी से ग्रस्त हो सकते हैं।

**टीबी के प्रकारः** जीवाणु की सक्रियता के आधार पर दो प्रकार के टीबी हो सकते हैं। एक, सक्रिय यानी एक्टिव टीबी और दूसरा, असक्रिय या लेटेंट टीबी।

**एक्टिव टीबीः** जिन लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं तो इस स्थिति में उनमें टीबी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। ऐसे लोग अपनी लापरवाही से दूसरे लोगों को भी टीबी से ग्रस्त कर सकते हैं।

**लेटेंट टीबीः** टीबी के इस प्रकार में लोगों के शरीर में इस बीमारी के जीवाणु तो होते हैं, लेकिन वे सक्रिय नहीं होते। इस कारण ऐसे लोगों में टीबी के लक्षण प्रकट नहीं होते और और न ही ऐसे व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करने में सक्षम होते हैं।

**टीबी संक्रमण के लक्षणः** तीन हफ्तों से अधिक समय से आने वाली खांसी। खांसते समय खून का निकलना। अचानक व्यक्ति का वजन कम होने लगना। लंबे समय तक बुखार बने रहना। भूख का कम होते जाना। थोड़ा सा भी शारीरिक परिश्रम करने पर थकावट या कमजोरी महसूस होना। सांस लेते समय सीने में दर्द महसूस होना। बेवजह पसीना बहुत आना। फेफड़ों के अलावा अन्य अंगों में जो टीबी होती है, उनके लक्षण उन्हीं अंगों के अनुरूप होते हैं। जैसे रीढ़ की हड्डी के टीबी से ग्रस्त होने के कारण कमर में दर्द का लगातार बने रहना आदि लक्षण दिख सकते हैं।




**डायग्नोसिस का तरीकाः** फेफड़ों की टीबी का पता करने के लिए व्यक्ति के बलगम की जांच की जाती है। अगर बलगम की जांच से टीबी का पता नहीं चलता, तब स्प्यूटम कल्चर टेस्ट या एएफबी कल्चर नामक टेस्ट कराने का परामर्श दिया जाता है। अनेक मामलों में छाती के एक्स-रे से भी टीबी का पता करने में मदद मिलती है। फेफड़ों के अलावा एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के मामलों जैसे गुर्दों की टीबी के लिए यूरीन कल्चर टेस्ट कराया जाता है। यदि शरीर में गांठ आदि है, तो वहां से फ्लूइड लेकर परीक्षण कराया जाता है। कुछ जटिल मामलों में सीटी स्कैन का परामर्श दिया जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में दर्द की स्थिति में एक्सरे के अलावा एमआरआई जांच भी कराई जाती है आदि।

**ट्रीटमेंट के प्रकारः** आमतौर पर टीबी की मुख्य प्रारंभिक दवाएं-रिफैंपिसिन और आइसोनेक्स हैं, जिनका डॉक्टर की सलाह से नियमित सेवन करने से 6 महीने के अंदर टीबी का मर्ज खत्म हो जाता है। गौरतलब है कि मल्टीड्रग रेजिस्टेंट टीबी और एक्सटेंसिव ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में ये दोनों ही दवाएं अपना असर दिखाना बंद कर देती हैं। ऐसी स्थिति में मरीजों को सेकेंड लाइन ड्रग्स देने की जरूरत पड़ती है। आमतौर पर ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के इलाज में मरीज को दवाएं लगभग साल-डेढ़ साल तक दी जाती हैं। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के कारण अब ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का इलाज अतीत की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी और कारगर हो गया है। भारत सरकार ने एमडीआर टीबी के इलाज के लिए एक नई और प्रभावी 6 महीने की कम अवधि वाली उपचार पद्धति को मंजूरी दी है, जिसे 'बीपाल्म रेजिमेन' कहा जाता है। 'बीपाल्म रेजिमेन' चार दवाओं का एक संयोजन है, जो पूरी तरह से ओरल रूप में दी जाती है। इसमें बेडाक्विलिन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड, मॉक्सीफ्लोक्सासिन शामिल हैं।



**इन्हें है ज्यादा रिस्कः** एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी होने का रिस्क उन्हें ज्यादा होता है, जो एचआईवी से ग्रस्त हैं, जो लोग डायबिटीज टाइप 2 से ग्रस्त हैं, ऐसे लोग जिनका रोग प्रतिरोधक तंत्र या इम्यून सिस्टम कमजोर हो गया है।

**इन बातों पर दें ध्यानः** जिन लोगों के टीबी के इलाज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जो लोग टीबी से ठीक हो चुके हैं, उनमें से लगभग 2 से 3% ऐसे लोग हो सकते हैं, जिनमें टीबी के लक्षण दोबारा प्रकट हो सकते हैं। इसे सहज मेडिकल भाषा में टीबी का रिलेप्स होना कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति में दोबारा टीबी के लक्षण प्रकट हों, तो उसे अति शीघ्र अपने डॉक्टर से चेकअप कराना चाहिए और उनके बताए परामर्श पर अमल करना चाहिए। दरअसल, जो पेशेंट टीबी की इलाज प्रक्रिया के दौरान नियमित रूप से दवा नहीं लेते या फिर ऐसे व्यक्ति, जो इलाज की प्रक्रिया को पूरा नहीं करते यानी समय से पहले ही दवाएं बंद कर देते हैं, उनमें टीवी के दोबारा (रिलेप्स) होने की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से दवाएं लें और इलाज की प्रक्रिया को पूरा करें।

**बढ़ाएं इम्यूनिटीः** जो लोग हेल्दी डाइट नहीं लेते, उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। वास्तव में बड़ी संख्या में लोगों के शरीर में टीबी के जीवाणु होते हैं, लेकिन ये सक्रिय नहीं होते। जब हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल नहीं अपनाते तो व्यक्ति की इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में टीबी के जीवाणु शरीर में सक्रिय हो जाते हैं, जो टीबी रोग का कारण बन सकते हैं। इसलिए टीबी से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपनी डाइट में फलों, सब्जियों, अंकुरित अनाजों और ड्राय फ्रूट्स को वरीयता दें। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### टीबी पेशेंट्स की डाइट



**टीबी के** मरीजों को उच्च प्रोटीन युक्त आहार और फलों का सेवन करना चाहिए। जैसे-दूध और दूध से निर्मित उत्पाद-दही, मट्ठा, सोयाबीन, दालें, अंडा, फिश और मीट। फल खासकर विटामिन सी युक्त फल जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू और आंवला आदि। इनके अलावा टीबी के मरीजों के लिए विटामिन डी का विशेष महत्व है। विटामिन डी का कुदरती स्रोत सूर्य की किरणें हैं। इसलिए टीबी के मरीजों को सुबह के वक्त लगभग एक घंटे धूप लेनी चाहिए। धूप लेने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मरीज की रिकवरी जल्दी होती है।

# क्या आप भी करते हैं अक्सर लॉन्ग सिटिंग

## प्रिकॉशन

**डॉ. माजिद अलीम**

वजह चाहे आपकी जॉब हो या इनएक्टिव रहने की हैबिट, अगर आप अक्सर घंटों बैठे रहते हैं तो इसका आपकी हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है। लॉन्ग सिटिंग से किस तरह के नुकसान हो सकते हैं और इससे बचने के लिए क्या सावधानियां बरत सकते हैं, जानिए।

हम सभी धूम्रपान को स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा मानते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि लगातार कुर्सी पर बैठे रहना भी लगभग उतना ही हानिकारक होता है? हालांकि ऐसा नहीं है कि लगातार बैठे रहने को लेकर यह कोई नया खुलासा हुआ है। हम इस तथ्य को पहले से जानते हैं, हम सब इसके बुरे प्रभावों को जानने के बावजूद हर दिन बिना सोचे समझे यह करते हैं यानी घंटों लगातार बैठे रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लगातार बैठने को धूम्रपान के समान ही हानिकारक घोषित किया है।

**हृदय रोग की बढ़ती है आशंकाः** पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगातार बैठने से हर साल लगभग 32 लाख लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह संख्या धूम्रपान से होने वाली मौतों से भी ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल पूरी दुनिया में 17.9 मिलियन लोग हृदय रोग के कारण अपनी जान गंवा बैठते हैं। लगातार बैठना यानी निष्क्रियता की वजह से ही हृदय रोगों को अपने पैर पसारने में आसानी होती है। जागरूक रहकर हम सक्रिय जीवनशैली के द्वारा 80 प्रतिशत तक के हृदय रोगों को रोक सकते हैं।

**बढ़ रही निष्क्रिय जीवनशैलीः** क्या आपको पता है कि भारत में 25 प्रतिशत वयस्क प्रतिदिन 8 घंटे से भी ज्यादा लगातार बैठकर काम करते हैं और इस दौरान वो 20 मिनट से भी कम का ब्रेक लेते हैं। कमोवेश कॉरपोरेट जगत में ही नहीं बल्कि सेलिब्रिटीज और सामान्य लोगों का लाइफस्टाइल भी इस तरह का ही होता जा रहा है।



खबर संक्षेप

## नगर निगम की टीम ने पकड़े 26 बेसहारा पशु

हिसार। नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने सेक्टर 1-4, हाउसिंग बोर्ड, महाबीर कॉलोनी, सूर्य नगर क्षेत्र से 26 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। जिनमें 25 गाय व 1 बछड़ी को पकड़ा सभी पशुओं को गोअभयारण्य भेज दिया गया है। इस दौरान एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

## बड़ा मंदिर में अमावस्या पर भंडारा लगाया

हिसार। खजांचियान बाजार स्थित श्री राधा कृष्ण बड़ा मंदिर वृंदावन धाम में अमावस्या के अवसर पर भंडारा लगाया गया। भंडारे में मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं ने सेवा देकर भंडारा प्रसाद वितरित किया। मंदिर के महंत राहुल शर्मा ने बताया कि मंदिर की ओर से हर अमावस्या पर भंडारा लगाया जाता है। अमावस्या पर किया गया दान-पुण्य एवं भोजन करवाने से हमारे पित्र प्रसन्न रहते हैं और वे हमारे जीवन को सुगम और सुखी बनाते हैं। भंडारे में कढ़ी-चावल व मिठाई का प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त मंदिर में प्रतिदिन सायंकाल को भजन-कीर्तन होता है जिसमें श्रद्धालु बांके बिहारी जी व राधा रानी के भजनों का आनंद उठाते हैं।

## शिव मंदिर में नवरात्रों पर माता की चौकी 21 को

हिसार। एमसी कॉलोनी के श्रीशिव मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में शिव मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें निर्णय लिया गया कि नवरात्रों के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण में 21 मार्च को सायं 7 बजे माता की चौकी लगाई जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रामअवतार अग्रवाल ने बताया कि फतेहाबाद से भजन गायिका दीप आदित्य व भजन गायक राजेन्द्र काका माता का गुणगान करेंगे। नवरात्रों के पहले दिन 19 मार्च को भक्तों द्वारा मंदिर में सैंकड़ों अखण्ड ज्योतें जलाई जाएंगी। बैठक में रामनिवास गोयल आदमपुरिया, संजय गोयल, अनिल बंसल, सीताराम, कैलाश रानी, राकेश गर्ग, राजेश सैनी, चंद्रप्रकाश, सुरेन्द्र जैन, कमल मेहता, अमरनाथ, रामनिवास गोयल, प्रमोद गोयल, डॉ. अनिल शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

## आज दिव्यांगों को दिए जाएंगे कृत्रिम अंग

हिसार। हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में 19 मार्च को निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल ने बताया कि शिविर में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित 20 जरूरतमंद लोगों का ऑपरेशन किया जाएगा। इसके साथ ही यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की जाएंगी। इस शिविर में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भी निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## साइबर ठगी करने वाले आरोपी से नकदी बरामद

हांसी। साइबर थाना पुलिस ने सस्ती चीनी दिलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी से रिमांड के दौरान ठगी किए रुपयों में से 2000 रुपये बरामद किए है। एएसआई सज्जन कुमार ने बताया कि पुलिस ने तीन दिन पूर्व सस्ती चीनी दिलवाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी उत्तरप्रदेश के हरदोई जिला निवासी अचल को गिरफ्तार करके तीन दिन का पुलिस रिमांड लिया था।रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ के दौरान दो हजार रुपये की बरामदगी की गई। गौरतलब रहे कि पकड़े गए आरोपी अचल ने हांसी निवासी रोहित के पिता को सस्ती चीनी दिलवाने का झांसा देकर 3,86,900 रुपये की ठगी कर ली थी। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए आरोपी को तीन दिन पूर्व दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के बारे में अफसरों को दी ट्रेनिंग

# ऐसी तैयारी करें कि सर्वेक्षण में अधिकतम अंक प्राप्त हों: हरबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार


हिसार। अधिकारियों को निर्देश देते निगमायुक्त नीरज। फोटो : हरिभूमि

विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी तैयारियां पूरी तरह से टूल किट के निर्देशों के अनुरूप ही करें। ऐसी तैयारी करें ताकि सर्वेक्षण में अधिकतम अंक प्राप्त किए जा सकें।

विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह नगर निगम सभागार में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के चलते निगमायुक्त नीरज की अध्यक्षता में जिले की सभी शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का एक महत्वपूर्ण अभियान है, जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करना और निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य प्रणाली को मजबूत बनाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान एजेंडा के अनुसार विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें कचरा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कलेक्शन, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, नागरिक सहभागिता और जागरूकता अभियान जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में उकलाना के सचिव संदीप, बरवाला की सचिव प्रगति, नारनौंद के सचिव प्रदीप, हांसी के ईओ राजेन्द्र, सीटीएल प्रदीप जाखड़ और तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे प्रभावी ढंग से लागू करने का भरोसा दिलाया।

## बच्चे हमारे देश का भविष्य : सृष्टि जिंदल

हिसार। भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने स्थानीय निवासियों के कल्याण और उनके जीवन को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत हिसार में नन्हे कदम नाम से एक सामुदायिक कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में उन बच्चों को सम्मानित किया गया जो जिंदल स्टेनलेस की सीएसआर शाखा (जिंदल स्टेनलेस फाउंडेशन) द्वारा क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से चलाए जा रहे बच्चों में क्लबफुट विकलांगता का उन्मूलन योजना के तहत उपचार करा रहे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिंदल स्टेनलेस की सृष्टि जिंदल उपस्थित रहीं। इस मौके पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन नागरिक हॉस्पिटल के डॉक्टरों के साथ-साथ हिसार क्षेत्र के 20 से अधिक गांवों से आए लाभार्थी बच्चों के परिवार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में लाभार्थियों को अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिला। मुख्य अतिथि ने कुछ लाभार्थी बच्चों को फुट एबडक्शन ब्रेस भी वितरित किए। मुख्य अतिथि सृष्टि जिंदल ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उनका स्वस्थ विकास सुनिश्चित करना एक सशक्त समाज बनाने के लिए बेहद आवश्यक है। समय पर इलाज और सहयोग देने में क्योर ट्रस्ट का योगदान सराहनीय है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस पहल के बारे में कहा कि समय पर इलाज मिलने के बाद बच्चों को आत्मविश्वास के साथ चलते देखना केवल उत्साहजनक नहीं बल्कि इस बात का अनुस्मारक होता है कि समय रहते उपचार होना और सामुदायिक सहयोग मिलना कितना महत्वपूर्ण है।

■ जिंदल स्टेनलेस ने किया नन्हे कदम कार्यक्रम


हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सृष्टि जिंदल व अन्य।

न्यूज डायरी



## डीसी ने दिए फसल मैपिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश

हिसार। 'डिजिटल क्रॉप सर्वे' के तहत फसल मैपिंग कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए उपायुक्त महेंद्र पाल ने बुधवार को विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर गिरदावरी कार्यों का निरीक्षण किया और राजस्व विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि यह कार्य समयबद्ध है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इससे पूर्व निदेशक, भूमि अभिलेख, हरियाणा द्वारा 'डिजिटल क्रॉप सर्वे' के कार्यों की समीक्षा के लिए वीसी का आयोजन भी किया गया। बैठक में सर्वे कार्यों की प्रगति, तकनीकी पहलुओं तथा फील्ड स्तर पर आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध: नरवाल

हांसी। जिलाधीश डॉ. राहुल नरवाल द्वारा फसल कटाई के बाद खेतों में अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जारी किए गए हैं। जिलाधीश ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से उत्पन्न धुआं वातावरण में फैलकर आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। साथ ही आगजनी की घटनाओं से संपत्ति एवं मानव जीवन को भी खतरा बना रहता है। अवशेष जलाने से पशुओं के चारे की कमी होने की संभावना रहती है तथा भूमि की उर्वरक क्षमता भी कम होती है, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित होता है। जिलाधीश राहुल नरवाल ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा भी फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है और उल्लंघन करने पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यह आदेश 1 अप्रैल से 15 मई तक प्रभावी रहेंगे।



## सफाई कर्मचारियों ने शहर में निकाली शव यात्रा, सीएम का जलाया पुतला

नारनौंद। पिछले काफी समय से नगर पालिका के सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। बुधवार को आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने शहर में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उपमंडल परिसर के सामने मुख्यमंत्री का पुतला जलाया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि सरकार ने हमारी मांगों को जल्द ही पूरा नहीं किया तो आंदोलन को और तेज करके सरकार की नींद हराम करने का काम करेंगे। सर्व कर्मचारी संघ ओर नगरपालिका कर्मचारी संघ की तरफ से बुधवार को नारनौंद की नगर पालिका से उपमंडल परिसर तक सैकड़ों कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रधान मंसा राम, नरेश कुमार,जसबीर, नसीब, धर्मवीर, बिजली बोर्ड से प्रधान रामदिया शर्मा, फायर ब्रिगेड से देवेंद्र लोहान, सर्व कर्मचारी संघ से मास्टर योगेंद्र माजरा, रोहतास शर्मा ने बताया कि सफाई कर्मचारी पिछले काफी समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार की तरफ से काफी बार आश्वासन भी मिल चुका है लेकिन आज तक भी इनकी मांगों को पूरा नहीं किया।

# 'पीछा करो' अभियान के तहत पकड़े जाएं पीओ और बेल जंपर : कालिया


हिसार। बैठक में निर्देश देते उप महानिरीक्षक संगीता कालिया, साथ है एसपी शशांक कुमार सावन।

हिसार। डीआईजी संगीता कालिया ने निर्देश दिए हैं कि सभी थानों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना सुनिश्चित कर उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए, थाना स्तर पर क्राइम हॉटस्पॉट चिन्हित कर उन क्षेत्रों में विशेष गश्त एवं कार्रवाई बढ़ाई जाए तथा एनसीआईएल व निर्धारित समय सीमा के तहत मामलों का निपटान प्राथमिकता से किया जाए।

डीआईजी संगीता कालिया बुधवार को जिले के जीओ मेस में क्राइम रिव्यू मीटिंग में अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। बैठक में जिले के सभी पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों ने भाग लिया। इसमें अपराध नियंत्रण बारे सख्त निर्देश जारी किए गए। उन्होंने पिछली बैठकों में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा कर लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने कहा कि लंबित मामलों की जांच में तेजी लाते हुए 60/90 दिनों के भीतर निपटान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रत्येक आईओ को प्रति माह कम से कम एक केस का निष्पादन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिला स्तर पर अपराध के अधिक पंजीकरण वाले क्षेत्रों व अपराधों को चिन्हित कर विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए और कहा कि पीओ व बेल जंपर मामलों में 'पीछा करो' अभियान के तहत आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बीएनएसएस के प्रावधानों के अनुसार मामलों की जांच व कैंसलेशन प्रक्रिया का पालन किया जाए, धारा 41 व 41ए के तहत नोटिस तामील की प्रक्रिया को विशेषकर क्षेत्राधिकार से बाहर प्रभावी बनाया जाए, थानों, पुलिस पोस्ट व सीआईए में पुलिस कर्मचारियों की उपलब्धता विशेषकर रात्रि समय में सुनिश्चित की जाए तथा गुमशुदा व्यक्तियों की टीमों को सक्रिय कर उनकी कार्यप्रणाली में सुधार लाया जाए।

## खुलेआम उड़ाया लोकतंत्र का मजाक : सोरखी

हांसी। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि हरियाणा में राज्यसभा चुनाव में भाजपा व कांग्रेस पार्टी ने मिलकर लोकतंत्र का मजाक उड़ाते हुए नंगा नाच दिखाने का काम किया। प्रदेश की जनता दोनों पार्टियों के कारनामों पर आश्चर्यचकित है। आप जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि जगजाहिर है कि राज्यसभा के चुनाव में विधायकों की बड़े पैमाने पर खरीद-फरोख्त हुई। दोनों पार्टियों ने प्रदेश के करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जिसका जवाब आने वाले समय में हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव में अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ क्रॉस वोटिंग करना सीधा-सीधा भ्रष्टाचार की ओर संकेत देता है। उन्होंने पूरे मामले की सीबीआई से जांच करवाने व मामला ईडी को देने की मांग की है। इससे भी हैरान करने वाली बात यह है कि सत्ता धारी भाजपा जो हर समय बिना खर्ची और बिना पर्ची की बात करती है, आज उनका भी चेहरा बेनकाब हो गया है।

## यूनियन ने खेदड़ में सरकार के खिलाफ जताया रोष



बरवाला। थर्मल खेदड़ के प्रांगण में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा केंद्रीय परिषद के आह्वान पर यूनिट स्तर की मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता प्रधान शमशेर सहारण ने की और संचालन यूनिट सचिव प्रमोद जांगड़ा ने किया। आक्रोशित कर्मचारियों ने सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों को पूरा न किए जाने के चलते सरकार के खिलाफ नारेबाजी करके रोष जताया। यूनिट प्रधान शमशेर सहारण ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार लगातार कच्चे कर्मचारियों का शोषण कर रही है। प्रदेश सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का न करके उनके लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड जैसा विभाग बनाकर उसमें जबरदस्ती भेज रही है। इस अवसर पर संदीप सहारण, कुलबीर सिंह, देवेंद्र भारद्वाज, विजयपाल सांगवान, दिलबाग भाटू आदि उपस्थित रहे।

## आरोही मॉडल स्कूल में प्रिंसिपल ने संभाला कार्यभार

नारनौंद। आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी लोहचब में पिछले काफी समय से प्रिंसिपल का पद खाली था। बुधवार को प्रिंसिपल उपासना ढुहन ने कार्यभार संभाला। स्कूल में पहुंचने पर स्कूल के स्टाफ सहित गांव सरपंच और मौजिज लोगों ने उनको गुलदस्ता भेंट करके जोरदार स्वागत किया। आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी खेड़ी लोहचब में प्रिंसिपल का पद खाली था। इंचार्ज के रूप में कृष्ण बामल ये जिम्मेदारी संभाल रहे थे। शिक्षा विभाग के तरफ स्कूल में स्थाई प्रिंसिपल की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए। इस अवसर पर कृष्ण बामल, राजेश कुमारी, अप्पू सहारण, विनोद, पूनम, सुदेश गांव के सरपंच अमरदीप सिंह, समाजसेवी साधु राम आदि मौजूद थे।

# बरसात के मौसम में भी शहर में नहीं भरना चाहिए पानी : मेयर



हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा है कि बरसात के समय शहर के कुछ क्षेत्रों में जलभराव की समस्या आ जाती है। इस बरसात में संबंधित विभाग ऐसी व्यवस्था करें कि शहर में पानी न भरें। मेयर प्रवीण पोपली बुधवार को शहर से सीवरेज व बरसाती पानी की निकासी बारे नगर निगम के मुख्य सभागार में संबंधित तीन विभागों की सयुंक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। निगमायुक्त नीरज के संचालन में हुई बैठक में नगर निगम, जनस्वास्थ्य विभाग व एचएसवीपी के अधिकारी मौजूद रहे। मेयर ने तीनों विभागों को निर्देश दिए कि मानसून की बरसात से पहले जल निकास के पूर्ण प्रबंध करें। जहां-जहां सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या है उनकी अच्छे से सफाई करवाए। इसके साथ ही सभी जीटी की सफाई निरंतर हो।

■ मेयर ने बैठक लेकर विभागों को दिए कड़े निर्देश

### तय अवधि में करें काम

निगमायुक्त नीरज ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्षदों द्वारा जो-जो कार्य दिए गए है व निर्धारित समय में तो पूरे करें और सुनिश्चित करें कि मानसून से पहले यह कार्य हो जाएं।

### डेयरी संचालकों का होगा 5 हजार का चालान

निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम के द्वारा पशु डेयरियों के गोबर उठान के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली की व्यवस्था की गई है, इसके बावजूद भी डेयरी संचालक गोबर सीवरेज में डाल रहे है। उन्होंने कहा कि जो डेयरी संचालक गोबर सीवरेज में डालते है उनका पांच हजार चालान किया जाएंगा।

# सीटीएम ने किया निरीक्षण, फील्ड ट्रेनरों को दिए गए आवश्यक निर्देश



हिसार। गुरु गोरखनाथ गवर्नमेंट कॉलेज में आयोजित किए गए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर यशवंत एवं राजेश पूनिया द्वारा 38 फील्ड ट्रेनरों को जनगणना से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 मार्च से शुरू किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान सीटीएम कम सेंसस नोडल ऑफिसर हरिराम तथा जिला सेंसस कोऑर्डिनेटर ऑफिसर सचिन गर्ग ने 18 मार्च को प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने फील्ड ट्रेनरों से फीडबैक भी प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर आगे सुपरवाइजर एवं एन्यूमैरेटर को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन का कार्य 1 मई से 30 मई तक संचालित किया जाएगा। इसके अलावा 16 अप्रैल से सेल्फ एन्यूमरेशन पोर्टल भी शुरू किया जाएगा, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी हाउस लिस्टिंग कर सकेंगे।

## डीटीपी की टीम ने दो एकड़ में अवैध निर्माण किए ध्वस्त

हांसी। शहर के ढाणी कुंदनापुर रोड से पुराने एनएच-10 तक लगभग दो एकड़ क्षेत्र में फैले अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तोड़फोड़ की। इस अभियान के तहत कच्चे रास्तों के नेटवर्क और अवैध रूप से निर्मित डीपीसी (प्लॉट की नींव) को मशीनों की सहायता से ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व डीटीपी दिनेश सिंह ने किया, जिसमें फील्ड इंस्पेक्टर सपना और जूनियर इंजीनियर सचिन भी शामिल थे। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट सुरेंद्र मेहरा उपस्थित थे। प्रवर्तन पुलिस और विभागीय टीम ने पूरे क्षेत्र को खाली कराकर शांतिपूर्ण ढंग से अभियान को पूरा किया।

## अंडरपास की मांग को लेकर डीआरएम को सौंपा ज्ञापन



उकलाना। अंबाला रेल मंडल के डीआरएम के धुरी से रायपुर (हरियाणा) तक निरीक्षण दौरे के दौरान उकलाना में ठहराव हुआ। इस अवसर पर अंडरपास धरना कमेटी के सदस्यों ने उनसे मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया। धरना कमेटी ने उकलाना में लंबे समय से चल रहे अंडरपास निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए सीनियर डीसीएम नवीन कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस पर नवीन कुमार ने बताया कि अंडरपास का सर्वे पहले ही पूरा हो चुका है और मामला जीएडीए में प्रोसेस में है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी कार्रवाई के बारे में जल्द ही जानकारी दी जाएगी। उकलाना में एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव की मांग पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय रेल मंत्रालय के स्तर पर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर से प्रस्ताव भेजा जाएगा, जिसके बाद यात्री संख्या, आय-व्यय और गाड़ियों के ठहराव से होने वाली संभावित देरी जैसे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय अंतिम निर्णय करेगा।

## श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नवरात्र आज से



हिसार। मॉडल टाउन में स्थित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव व श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। 19 से 27 मार्च तक चलने वाले इस महोत्सव के लिए मां संतोषी आश्रम में पदाधिकारियों ने बैठक करके तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में राजमल काजल, मदनलाल गोयल, सुभाष बंसल, अशोक बंसल, सुशील बुड़ाकिया, मुकेश ठसका, राघव गुप्ता व रमेश चुघ विशेष रूप से मौजूद रहे। मां संतोषी आश्रम में 19 से 27 मार्च तक प्रतिदिन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता सायं 4 बजे श्रीराम कथा करेंगी और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रवचन सुनने का भी अवसर मिलेगा। इसके साथ ही नौ दिनों तक प्रातः 8 बजे पूजा व पाठ भी किया जाएगा। इन आयोजनों में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। शक्ति उपासना ट्रस्ट के महासचिव राजमल काजल ने बताया कि महोत्सव व श्रीराम कथा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। भक्तों में इस आयोजन के प्रति काफी उत्साह है।

# सरकार पर कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू करने का आरोप

हिसार। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की कच्चे कर्मचारियों की पक्का करवाने व हरियाणा रोजगार कौशल निगम भंग करवाने की मांग को लेकर मीटिंग प्रधान विजेंद्र पूनिया की अध्यक्षता में राजगढ़ रोड कार्यालय में हुई। मंच का संचालन सचिव रमेश झोरड़ ने किया। यूनियन के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, सचिव दलीप सोनी, ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू कर रही है जिसमें कर्मचारियों की एलटीसी अगले सेशन से बंद कर दी है व महिला कर्मचारियों की चाइल्ड केयर लीव लेने से पहले उपायुक्त कार्यालय से अनुमति लेनी होगी। ऐसा करना से कर्मचारियों की समस्या बढ़ेगी। दिव्यांग कर्मचारियों की आयु 60 से 58 कर दी इनसे कर्मचारियों में भारी रोष है। लगातार कर्मचारी रिटायर्ड हो रहे हैं। नई भर्ती नहीं हो रही है। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने के लिए यूनियन ने आन्दोलन को आगे बढ़ाते हुए फ़ील्ड में जाने का आह्वान किया है। यूनियन ने सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने के लिए पूरे प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान चलाकर हस्ताक्षर करवाए जाएंगे व कर्मचारियों की मांगों को लेकर 20 मई को बिजली मंत्री के आवास पर प्रदर्शन करेंगे व ज्ञापन सौंपा जाएगा। मीटिंग में सुरेश भ्याणा, जयवीर खेदड़, उमेश कुमार, बोबिंद्र, रमेश कुमार, सुभाष, विरेंद्र खट्टर, शैलेन्द्र, सुरेंद्र बरवाला, राधेश्याम, राजेश दलाल, मोलूराम आदि मौजूद रहे।


हिसार। बैठक में उपस्थित यूनियन के पदाधिकारी।

# गुजवि-नई दिल्ली के दत्तोपंत ठेंगड़ी फाउंडेशन के बीच हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं दत्तोपंत ठेंगड़ी फाउंडेशन, नई दिल्ली के बीच शैक्षणिक एवं पेशेवर सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते का उद्देश्य प्रख्यात विचारक स्व. श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी के विचारों एवं सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय विकास की दिशा में शैक्षणिक और शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व दत्तोपंत ठेंगड़ी फाउंडेशन की ओर से चेयरपर्सन विरजेश उपाध्याय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय और समाज के बीच ज्ञान, शोध और नीति विमर्श के क्षेत्र में मजबूत सहयोग स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नए अवसर प्राप्त होंगे तथा राष्ट्रीय विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक कार्य किया जा सकेगा। फैकल्टी विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप की शुरुआत भी की जाएगी, जिससे श्रम, कृषि एवं सामुदायिक विकास जैसे विषयों पर उन्नत शोध को बढ़ावा मिलेगा। दोनों संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर अर्थशास्त्र, सामाजिक एवं नीतिगत विषयों पर संयुक्त शोध एवं मूल्यांकन अध्ययन भी करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. ओपी सांगवान, अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. अश्वनी तथा एसोसिएट डीन डॉ. प्रियंका भी उपस्थित रहे।

■ विश्वविद्यालय और समाज के बीच ज्ञान, शोध और नीति विमर्श के क्षेत्र में मजबूत सहयोग स्थापित करेगा समझौता : प्रो. बिश्नोई


हिसार। एमओयू करते दत्तोपंत ठेंगड़ी फाउंडेशन की ओर से अध्यक्ष विरजेश उपाध्याय एवं गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

## समस्याओं के समाधान के लिए नपा सचिव को दी शिकायत

बरवाला। वार्ड नं. 15 में अनेक समस्याओं का समाधान करवाए जाने को लेकर अनेक वार्डवासियों द्वारा नगरपालिका सचिव को हस्ताक्षरयुक्त लिखित शिकायत सौंपी गई है। यह शिकायत वार्डवासी दिलबाग के नेतृत्व में सौंपी गई है। वार्डवासी दिलबाग, करमजीत, राजबाला, संजय, अनिल कुमार, उषा, अनीता, सुनीता, कमलेश, सतीश कुमार, मुकेश व सुभाष आदि ने बताया कि वार्ड नं. 15 में घर-घर कूड़ा उठाने वाली गाड़ी नियमित रूप से नहीं पहुंच रही है। जिसके चलते जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है। सफाई कर्मचारियों द्वारा सही प्रकार से कार्य नहीं किया जा रहा है जिससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

## गुजवि के 3 विद्यार्थियों को नाभास्त्रा में इंटर्नशिप

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से नाभास्त्रा प्राइवेट लिमिटेड की ई-कैंपस इंटर्नशिप ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग कार्यक्रम के तीन विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक इंटर्नशिप हासिल कर ली है।

सूचना

मैं, सोहन लाल पुत्र श्री सालग राम निवासी गांव ढंढूर तहसील व जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुनील कुमार व उसकी पत्नी खुशी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं इसलिए मैं अपने पुत्र सुनील कुमार व उसकी पत्नी खुशी को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में इन दोनों जो भी कोई किसी प्रकार का लेन देन/व्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### बच्चों व गर्भवती महिलाओं का किया टीकाकरण

हिसार। विशेष टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत जिले भर में व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया। अभी तक 55 विशेष टीकाकरण कैंप आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया गया। विशेष टीकाकरण अभियान 16 मार्च से शुरू हुआ था जोकि 21 मार्च तक निरंतर रूप से जारी रहेगा। डॉ. दीपक चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को 297 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जबकि 97 गर्भवती महिलाओं को भी आवश्यक टीके लगाए गए। अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में 31 तथा शहरी क्षेत्रों में 24 कैंप आयोजित कर अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है।

### कोमल कौशिक बनी सहायक खजाना अधिकारी

हिसार। श्री श्याम मंदिर समिति मंगाली के प्रधान अशोक कौशिक की बेटी कोमल कौशिक की नियुक्ति सहायक खजाना अधिकारी के रूप में हुई है। कोमल ने अपनी उपलब्धि से कोमल बिटिया ने ब्राह्मण समाज को गौरवान्वित किया है। कोमल ने पूरे गांव व सर्व समाज के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि मेहनत का परिणाम भले देर से मिले लेकिन मिलता अवश्य है। प्रधान कौशिक ने कहा कि कोमल पूरे गांव के मेधावी बच्चों के लिए यह एक प्रेरणा है। उम्मीद करता है कि सभी अभिभावक व बच्चे उनकी इस सफलता से प्रेरित होंगे और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए और कड़ी मेहनत करेंगे।

### नववर्ष पर महायज्ञ और सत्संग आज

हिसार। स्वदेशी जागरण मंच व श्री जगन्नाथ धाम के संयुक्त तत्वावधान में 19 मार्च को भारतीय नववर्ष के पावन अवसर पर महायज्ञ व सत्संग का आयोजन किया जाएगा। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित प्राचीन रिद्धि सिद्धि हनुमान मंदिर में यह आयोजन प्रातः 7 बजे शुरू होगा। इस दौरान महायज्ञ, सत्संग के साथ नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। प्रांत स्वदेशी मेला प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि 19 मार्च को ही हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में छात्र कल्याण निदेशालय में प्रातः 10 बजे महायज्ञ व सत्संग का आयोजन होगा।

### जैन समाज की धार्मिक आस्था का कार्यक्रम आज

हिसार। जैन समाज के लिए धार्मिक आस्था का एक प्रमुख आयोजन 19 मार्च को नागोरी गेट स्थित बड़ा दिगम्बर जैन मंदिर में होगा। एक दिवसीय श्री शांतिनाथ विधान पूज्य जैन मुनिराज निश्चिंत सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। आयोजन समिति के अनुसार विधान का शुभारंभ प्रातःकाल नित्य अभिषेक और शांतिधारा के तुरंत बाद किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु भगवान शांतिनाथ की भक्ति में लीन होकर विधान में भाग लेंगे। कार्यक्रम में भक्ति-भाव से ओतप्रोत गीत-संगीत की प्रस्तुतियां भी होंगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा।

डीसी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान किए कई दावे

# हांसी की सफाई व्यवस्था पर फोकस, 15 से फर्क भी दिखेगा

- फिर चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान, शहर मेंएक पिंक समेत 6 मॉडल शौचालय बनवाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज >> हांसी



लोगों को अधिक से अधिक बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और शहर की साफ सफाई व्यवस्था पर पूरा फोकस किया जा रहा है। 15 अप्रैल तक आमजन को सुधार भी नजर आने लग जाएगा। यह बातें जिला उपायुक्त डॉ. राहुल नरवाल ने लोक निर्माण विभाग के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि अगले 5- 6 माह के अंदर शहर में 6 मॉडल शौचालय बनवाए जाएंगे, जिनमें एक महिलाओं के लिए पिंक शौचालय भी होगा। उन्होंने कहा कि पहले साफ सफाई व्यवस्था को लेकर सैनिटेशन प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत नियमित साफ सफाई के साथ-साथ हर रोज एक गली या चौराहे की समुचित सफाई करवाने की शुरुआत की जा चुकी है। साफ सफाई व्यवस्था में सुधार होने के बाद शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान एक-दो दिन का नहीं बल्कि यह लंबे समय तक जारी रहेगा।

### अधिकारियों के पद स्वीकृत

डीसी ने कहा कि जिला स्तर के अधिकारियों के पद सरकार द्वारा स्वीकृत किए जा रहे हैं। कई विभागों के पद स्वीकृत हो चुके हैं। अतिरिक्त उपायुक्त तथा नगराधीश का पद भी स्वीकृत हो चुके हैं। मार्च-अप्रैल माह में सभी जिला स्तर की अधिकारियों के पद स्वीकृत हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला सचिवालय भवन, ज्यूडिशियल कंपलेक्स तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए रिहायशी मकानों को लेकर प्रस्ताव तैयार करके इसी सप्ताह राज्य सरकार को भिजवाया जाएगा। उन्होंने एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए कहा कि नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को भी जल्द दूर किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जा चुका है उम्मीद है कि आगामी माई माह में डॉक्टरों की नियुक्ति हो जाएगी।

### जिले में एलपीजी की कोई कमी नहीं

डीसी नरवाल ने कहा कि जिला में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। किसी भी उपभोक्ता को घबराने की जरूरत नहीं है, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सिलेंडरों की वितरण प्रणाली पर जिला प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर कोई व्यक्ति गए सिलेंडरों की कालाबाजारी करते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए छापेमारी के लिए कई टीमें भी गठित की गई है।



## सिंचाई तो दूर, पीने के लिए भी पानी नहीं : चंद्रप्रकाश

हिसार। आदमपुर से कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश ने विधानसभा सत्र में किसानों की आवाज बुलंद करते हुए सिंचाई के पानी व पेयजल के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बालक माइनर, राणा डिस्ट्रीब्यूटरी, बुड़ाक सब माइनर, बांडाहेड़ी सब माइनर, कबीर माइनर, बासड़ा माइनर-2 व बालसमंद माइनर के अंतिम छोर तक नहरी पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि आदमपुर विधानसभा के गांव दुर्जनपुर, ठसका, चिकनवास, बुड़ाक, बांडाहेड़ी, मात्रश्याम, मिंगनी खेड़ा, सलेमगढ़, न्योलीकलां, बगला, काबरेल व बालसमंद टेल पर स्थित हैं। यहां पर एक सप्ताह का रोटेशन है और टेल पर बिल्कुल भी पानी नहीं पहुंचता। इतना ही नहीं पब्लिक हेल्थ के वाटर वर्क्स में भी पानी का अभाव रहता है। ऐसी स्थिति में सिंचाई के पानी की बात छोड़िए ग्रामीणों को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है। चंद्रप्रकाश ने मांग की कि इस मामले की गंभीरता समझते हुए इस बात की जांच करनी चाहिए कि इन गांवों को पानी क्यों नहीं मिल रहा है। विधायक चंद्रप्रकाश द्वारा उठाए गए मुद्दे पर सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री ने कहा कि इन गांवों की सूची के अनुसार कम जलापूर्ति की जांच करवाई जाएगी।

## न्यूज डायरी



### ग्लोबल करियर अवसरों पर जागरूकता सेमिनार

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 'स्टडी लोकल, वर्क ग्लोबलः अनलॉकिंग ग्लोबल करियर ऑपर्च्यूनिटीज इन जर्मनी एंड जापान' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सतबीर सिंह सांगा ने अपने संबोधन में छात्राओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए कौशल विकास, अनुशासन एवं भाषा दक्षता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जर्मनी और जापान जैसे देशों में रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं, जिनका लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों को अभी से तैयारी शुरू करनी चाहिए। उन्होंने इस प्रकार के सेमिनार के आयोजन के लिए प्लेसमेंट सेल एवं महिला प्रकोष्ठ की सराहना की। सेमिनार की मुख्य वक्ता एवं मिशन ओवरसीज स्किल एकेडमी, हिसार की चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर प्रिया श्योरान ने छात्राओं को जर्मनी एवं जापान में करियर के अवसरों, आवश्यक कौशल, प्रारंभिक वेतन, विदेशी भाषाओं के महत्व तथा आवेदन एवं माइग्रेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।



### विद्यार्थियों का हुआ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण

हिसार। राजकीय महाविद्यालय, मंगाली के भूगोल विभाग द्वारा गांव सिंघरान में बीए प्रथम वर्ष (द्वितीय सेमेस्टर) के विद्यार्थियों का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या प्रो. अंजु चौधरी के निर्देशानुसार तथा डॉ. विजेता नेहरा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सर्वेक्षण से पूर्व प्राचार्या प्रो. अंजु चौधरी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए क्षेत्रीय अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने प्रश्नावली के माध्यम से ग्राम की सामाजिक, आर्थिक एवं आधारभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्रित की। यह गतिविधि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई।



### हिंदू नववर्ष महोत्सव 22 को, 5 हजार परिवारों से साधा संपर्क

हिसार। श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल की ओर से विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में 22 मार्च को आयोजित होने वाले हरियाणा के विशालतम हिंदू नववर्ष महोत्सव के लिए गृह संपर्क अभियान जोर-शोर से जारी है। महिला समिति अब तक पांच हजार से अधिक परिवारों से सीधा संपर्क साध चुकी है। श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल टीम, समरसता महिला समिति व हिंदू नववर्ष आयोजन समिति पूरे समन्वय के साथ हिंदू नववर्ष महोत्सव के प्रचार में जुटी है। 22 मार्च को प्रातः 7 बजे निकलने वाली ध्वजायात्रा के लिए भी संपर्क साधा जा रहा है। दरअसल इस महोत्सव के लिए मातृशक्ति का उत्साह देखने लायक है। हिंदू नववर्ष महोत्सव की संयोजिका ममता सोनी ने बताया कि प्रो. दीपक कुमार ने 8 वर्ष पूर्व जिस अभियान की नींव हिसार में रखी थी, आज सम्पूर्ण नगर उसी सांस्कृतिक नवजागरण से जुड़ने को लालायित है। शहरभर में चल रहे कीर्तन मंडलों व अन्य संस्थाओं से संपर्क करके ढाई हजार से अधिक ध्वजा बुक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि हिंदू नववर्ष महोत्सव में 22 मार्च को प्रातः 6 बजे ध्वजा वितरण किया जाएगा। प्रातः 7 से 10 बजे तक नई अनाज मंडी में स्थित श्री सत्यनारायण शिव मंदिर से विष्णुतिलक वाली अभिमंत्रित ध्वजा यात्रा निकाली जाएगी।



हांसी। सर्वोत्तम माता प्रतियोगिता में भाग लेती हांसी-2 की अधिकारी व महिलाएं।

## मोहला की कोमल बनी सर्वोत्तम माता

हांसी। महिला एवं बाल विकास विभाग हांसी -2 द्वारा बुधवार को सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीडीपीओ सुदेश राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर की जागरूक माताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए सुदेश राणा ने बताया कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मोहला की कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वोत्तम माता का खिताब अपने नाम किया। वहीं जीतपुरा गांव की अनीता ने द्वितीय और सपना बास अकबरपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की विजेता माताओं को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा क्रमशः 4000, 3000 व 2000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए सीडीपीओ सुदेश राणा ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों की उचित देखभाल, पोषण और उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान और विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आंगनवाड़ी वर्कर्स और माताओं को समाज निर्माण में अपने सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से आई ब्लाक एजुकेटर शकुंतला ने माताओं को बच्चों के टीकाकरण सही पोषण और सरकारी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सर्कल सुपरवाइजर कोमल, राजकला, संवेदना यादव, संतोष और कुसुम सहित काफी संख्या महिलाएं मौजूद रहीं।

# कार्यालय से अधिकारी नदारद, नाराज कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

- फील्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर पब्लिक हेल्थ ब्रांच का प्रदर्शन छठे दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज >> हिसार

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की पब्लिक हेल्थ ब्रांच हिसार द्वारा फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कार्यकारी अभियंता, मंडल नंबर 3 के मॉडल टाउन स्थित कार्यालय के समक्ष बुधवार को छठे दिन भी सांकेतिक धरना देकर रोष प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान अशोक कुमार ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव राकेश शर्मा ने किया।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान अशोक कुमार व सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर संगठन लगातार आवाज उठा रहा है, लेकिन कार्यकारी अभियंता कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। अधिकारी के नकारात्मक रवैया अपनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को भी प्रदर्शन के दौरान अधिकारी कार्यालय से नदारद रहे, जिसको लेकर कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है।



हिसार। नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### धरने पर ये रहे मौजूद

धरने पर जिला प्रधान ओम प्रकाश माल, जिला सचिव दीपक मेहरा, जिला चेयरमैन नरेश गौतम, जिला उप प्रधान रामू शर्मा, प्रांतीय कमेटी सदस्य दीपक शर्मा, पूर्व प्रधान रमेश आहूजा, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, सुरेंद्र चहल, अशोक पूनिया, बृजलाल, नरेश अग्रोहा, सन्नी, दीपक लोट, रमेश मिर्जापुर, विकास गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# मुक्केबाजी में लड़कियों के 44-46 किलोग्राम वर्ग में निश्चल रही प्रथम

- लड़के और लड़कियों की जूनियर जिला बॉक्सिंग चैम्पियनशिप संपन्न

हरिभूमि न्यूज >> हिसार

यूथ बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ हिसार की ओर से लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी परिसर में लड़के और लड़कियों की जूनियर जिला बॉक्सिंग चैम्पियनशिप करवाई गई जिसका समापन बुधवार को हुआ। दो दिवसीय इस चैम्पियनशिप में करीब 150 बॉक्सर ने विभिन भार वर्ग में हिस्सा लिया। आयोजन सचिव सुनील राणा ने बताया कि प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग के 44-46 किलोग्राम में लक्षव प्रथम, युवराज द्वितीय, 46-48 किलोग्राम में रितेश कुमार प्रथम, कृष्ण द्वितीय 48-50 किलोग्राम में नैतिक प्रथम, दीपांशु द्वितीय, 50-52 किलोग्राम में तरुण प्रथम, सौरव द्वितीय, 52-54 किलोग्राम में हर्षित प्रथम, रेहान रोहलन द्वितीय, 54-57 किलोग्राम में संचित ज्याणी प्रथम व यतेंद्र सिंह द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के 57-60 किलोग्राम में ईशान सिंह प्रथम, कपिल द्वितीय, 60-63 किलोग्राम में नैतिक प्रथम, सुमित द्वितीय, 63-66 किलोग्राम में रितिक प्रथम, यश देव द्वितीय, 66-70 किलोग्राम में शुभम प्रथम, साहिल द्वितीय तथा 70-75 किलोग्राम में आर्यन सिहाग प्रथम, कुलवंत दूसरे स्थान पर रहा। इस अवसर पर इंटरनैशनल बॉक्सर किरण के ईलावा भगत सिंह, अजमेर पान्नू, सतीश काजल, महेंद्र भाकर, सुनील राणा, अनिल लितानी आदि भी मौजूद थे।



हिसार। इंटरनेशनल बॉक्सर किरण विजेता बॉक्सर पदाधिकारियों के साथ।

### लड़कियों के विभिन्न वर्गों के परिणाम

लड़कियों के 44-46 किलोग्राम में निश्चल प्रथम, हंसिका द्वितीय, 46-48 किलोग्राम में हर्षिका प्रथम, प्राची द्वितीय, 50-52 किलोग्राम में यंशिका प्रथम, वंशिका द्वितीय, 52-54 किलोग्राम में अंजलि प्रथम, रौनक द्वितीय, 54-57 किलोग्राम में साक्षी प्रथम व अनु द्वितीय स्थान पर रही। इसके अलावा 57-60 किलोग्राम में परिशा, 60-63 किलोग्राम में यशिका और 66-70 किलोग्राम में हरि लक्ष्मी ने पहला स्थान प्राप्त किया।



हांसी। कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर अधिकारियों को संबोधित करती ज्वाइंट कमिश्नर संगीता कालिया। फोटो :हरिभूमि

## कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण पर मंथन

हांसी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को ज्वाइंट कमिश्नर गुरुग्राम संगीता कालिया द्वारा पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन की उपस्थिति में अधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग का उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना रहा। मीटिंग के दौरान ज्वाइंट कमिश्नर ने जिले की समग्र कानून व्यवस्था (लॉ एंड ऑर्डर) की स्थिति की गहन समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी सतर्कता, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ करें। उन्होंने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए विशेष रणनीति अपनाने, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नाका बंदी (चेकिंग) को और अधिक सुदृढ़ करने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की नियमित जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मीटिंग में हॉट स्पॉट पॉइंट्स की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने, अपराध संभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने तथा किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पहले से ही सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। ज्वाइंट कमिश्नर ने नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को जनभागीदारी के साथ और अधिक प्रभावी बनाया जाए। युवाओं को जागरूक करने, स्कूल-कॉलेज स्तर पर अभियान चलाने तथा नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर सभी डीएसपी विनोद शंकर, डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई, डीएसपी रविन्द्र सांगवान सहित सभी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



### बलराज चौहान प्रधान व संजय लोट बने महासचिव

हिसार। भगवान वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा समिति के चुनाव राजगढ़ रोड स्थित कबीर छात्रावास में चुनाव अधिकारी रामनिवास बिड़लान, हिसार व जेके बागड़ी, रोहतक की देखरेख में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। चुनाव में समिति के कुल 236 सदस्यों में से 213 सदस्यों ने मतदान किया। चुनाव परिणामों के अनुसार प्रधान पद पर बलराज सिंह चौहान ने 120 वोट प्राप्त कर जगबीर सिंह फुहार (92 वोट) को पराजित किया। उपप्रधान पद पर बृज मोहन 121 वोट लेकर विजयी रहे, जबकि सज्जन अठवाल को 90 वोट मिले। महासचिव पद पर संजय कुमार लोट ने 116 वोट प्राप्त कर विनोद कुमार चंदा (96 वोट) को हराया। सहायक सचिव पद पर जमना सिंह चौहान 123 (सर्वाधिक) वोट लेकर विजयी रहे, जबकि जसबीर सिंह बिडलान को 88 वोट प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए राजेन्द्र सिंह ढाका ने 108 वोट प्राप्त कर गणेश राम (102 वोट) को मात्र 6 वोट से पराजित किया।




### पुष्कर महायज्ञ में भाग लेने के लिए श्रद्धालु रवाना

हिसार। भगवान परशुराम जन सेवा समिति व विप्र फाउंडेशन, हरियाणा के तत्वाधान में पुष्कर के लिए ब्रह्म संस्कृत पाठशाला, न्यू ऋषि नगर से धार्मिक यात्रा रवाना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के मुख्य संरक्षक एचके शर्मा ने की। श्रद्धालुओं से भरी बस को शिक्षाविद् हिमांशु शर्मा व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुमन शर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी श्रद्धालु पुष्कर में हिन्दू राष्ट्र निर्माण एवं विश्व शांति के लिए पुष्कर की गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित किए जा रहे महायज्ञ में शामिल होंगे। समिति के संस्थापक योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि समिति के सरपरस्त जनरल डीपी वत्स व विप्र फाउंडेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र भारद्वाज के मार्गदर्शन में धार्मिक स्थान पुष्कर के लिए यात्री जा रहे हैं। सभी यात्री विश्व शांति के लिए पुष्कर में हो रहे महायज्ञ में भाग लेकर अपनी आहुति देंगे।




### संगठन की जान होते हैं कार्यकर्ता : सुरेंद्र पूनिया

हिसार। भाजपा जिला कार्यालय में संगठनात्मक विषयों पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया मुख्य वक्ता रहे जबकि बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सुरेंद्र पूनिया ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की जान होते हैं। कार्यकर्ताओं की मजबूती से ही छोटे से लेकर बड़ा चुनाव जीता जाता है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी व देश के प्रति समर्पित है और यही कारण है कि भाजपा आज विश्व की नंबर वन पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे नए कार्यकर्ताओं को भी जोड़ें और केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का प्रचार-प्रसार करें। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता की वजह से हिसार जिले में पार्टी का मजबूत संगठन है। मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मंत्री अनूप धानक, प्रवीण जैन, सरोज सिहाग, सुशील बाल्यान, नरेश नैन, जिला उपाध्यक्ष मुनीश ऐलावादी, सतीश सुरलिया, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, सुरेन्द्र सैनी, संदीप गोयल, राजेन्द्र सपड़ा, कुलदीप डेलू, विक्रम कासनियां, राजकुमार इंदौरा, अजय बैनीवाल, रामचंद्र गुप्ता, धर्मवीर पानू सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

## नगर निगम की निर्णायक टीम ने 21 पार्कों का किया निरीक्षण

हिसार। नगर निगम द्वारा आयोजित पार्क प्रतियोगिता के तहत बुधवार को अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने आवेदन करने वाले पार्कों का निरीक्षण किया। इस दौरान एक्सईएन अमित कौशिक, जेई सुमित तथा सुपरवाइजर नरेंद्र श्योराण शामिल थे। प्रतियोगिता में लगभग 40 पार्क समितियों ने द्वारा आवेदन किया गया है। जिनमें से मंगलवार को 19 पार्कों का निरीक्षण किया गया। शेष बचे हुए 21 पार्कों का बुधवार को अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल व अधिकारियों के साथ साफ-सफाई, फूलधार पौधे, पक्षियों के लिए स्थान, घास, रख-रखाव, नर्सरी, फाउटेंन, फुटपाथ, झूले व जीम आदि का निरीक्षण किया। निर्णायक टीम के सदस्य व पार्षद नवीन, पार्षद राजेन्द्र बिडलान, पार्षद संजय डालमिया व पार्क समिति के प्रधान व सदस्य और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

ऑनलाइन आवेदन से मिल रहा जल्द प्रमाण पत्र

# नगर निगम में विवाह पंजीकरण प्रक्रिया हुई सरल

विवाह पंजीकरण के लिए दो तरीके से कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज >> हिसार

नगर निगम में विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके तहत नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विवाह पंजीकरण के आवेदक दो प्रक्रियाओं के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहली प्रक्रिया में आवेदक माता-पिता के आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर आवेदन करता है। इसके बाद सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड किए जाते हैं, जिनका सत्यापन भी ऑनलाइन ही किया जाता है।

यदि दस्तावेज सही पाए जाते हैं जल्द से जल्द विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है। इस प्रक्रिया के तहत आवेदन करने के लिए यह आवश्यक है कि वर-वधु हरियाणा के स्थायी निवासी हों और उनके माता-पिता जीवित हों और दोनों परिवारों का परिवार पहचान पत्र बना हो। दूसरी प्रक्रिया में आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने के बाद स्वयं दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के लिए तारीख तय करता है और निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाता है। सत्यापन के बाद प्रमाण पत्र शीघ्र जारी कर दिया जाता है। जहां पर विवाह का पंजीकरण करवाया जा रहा है, उस क्षेत्र का वर-वधु में से एक का स्थाई निवासी होना आवश्यक है या उनका विवाह स्थल उस क्षेत्र का होना चाहिए।



हिसार। नगर निगम में विवाह पंजीकरण को लेकर जांच कराते हुए वर-वधु व उनके परिजन।

### पहले जांच लें दस्तावेज

दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान फैमिली आईडी और अन्य दस्तावेजों में डेटा मिसमैच एक बड़ी समस्या बनकर सामने आ रही है। कई मामलों में नाम, जन्म तिथि और माता-पिता के नाम में अंतर होने से सत्यापन प्रक्रिया प्रभावित होती है। विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र का उपयोग पासपोर्ट जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के लिए किया जाता है, इसलिए सभी दस्तावेजों का सही और एक समान होना आवश्यक है। नगर निगम ने नागरिकों से आवेदन से पहले दस्तावेजों की जांच करने की अपील की है, ताकि समय पर प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके।